अध्याय 13

छुटकारे के दिन को स्मरण रखना और लाल समुद्र की ओर यात्रा

अध्याय 13 भी निर्गमन का वृतांत जारी रखता है, इस अध्याय में सबसे पहले इस घटना को स्मरणीय बनाए रखने के लिए अतिरिक्त निर्देश दिये गये हैं और उसके पश्चात इस्राएलियों का मरुस्थल की यात्रा संबंधी बातों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इस अध्याय को हम छुटकारे के परिणाम के रूप में देख सकते हैं। क्योंकि इस्राएल के लोग छुड़ाए गए थे तो इसके साथ ही उनको जिम्मेदारियां भी सौंपी गई थी: (1) कि वे अपने पहिलौठों को यहोवा को अर्पित कर दें, (2) अख़मीरी रोटी के पर्व के अवसर पर आराधना करें, और (3) प्रतिज्ञा किए गए देश की ओर अपनी यात्रा जारी रखें।

जब इस्राएल के लोग मिस्र छोड़ रहे थे तो यहोवा ने मूसा से कहा कि इस्राएलियों को मनुष्यों और जानवरों के पहिलौठों को उसके लिए अलग करना है और वे अपने छुटकारे के दिन को स्मरण रखें (13:1, 2)। तब मूसा ने लोगों को फसह मनाने के लिए कहा (13:3)। उसने उन्हें अख़मीरी रोटी का पर्व मनाने के संबंध में और निर्देश दिया, जिसमें उसने उन्हें यह कहा कि वे इस अवसर का प्रयोग अपने बच्चों को परमेश्वर के महान छुटकारे के कार्य के बारे में बताने के लिए करें (13:4-10)। तब परमेश्वर ने मूसा के द्वारा इस्राएलियों के पहिलौठों को अर्पण करने के बारे में विशिष्ठ निर्देश जारी किया - क्या चढ़ाना चाहिए, कैसे चढ़ाना चाहिए, और क्यों चढ़ाना चाहिए इत्यादि। फिर, इस्राएलियों को इस अवसर का प्रयोग अपने बच्चों को परमेश्वर की छुड़ाने वाली इतिहास बताने के लिए भी करना चाहिए था (13:11-16)।

वृतांत यह बताते हुए जारी रहता है कि इस्राएलियों ने मिस्र से निकलते समय कौन सा मार्ग लिया ("मरुस्थल से होते हुए उन्होंने लाल समुद्र का मार्ग लिया"), उन्होंने अपने साथ क्या लिया ("यूसुफ की हड्डियां"), वे कहाँ गए (सुक्कोत से एलाम), और कैसे उनकी अगुआई हुई ("दिन में मेघ का खम्भा" और "रात को एक आग का खम्भा" उनकी अगुआई करता था) (13:17-22)।

छुटकारे की दिन को स्मरण रखना (13:1-16)

पहिलौठों का अर्पण (13:1, 2)

[1]फिर यहोवा ने मूसा से कहा, [2]"क्या मनुष्य के क्या पशु के, इस्राएलियों में जितने अपनी अपनी माँ के जेठे हों, उन्हें मेरे लिये पवित्र मानना; वह मेरा ही है।"

आयतें 1, 2. जब उन्होंने सुक्कोत तक यात्रा तय कर ली थी (12:37)[1] या फिर गोशेन की यात्रा के लिए तैयारी कर रहे थे, तो **यहोवा** ने इस्राएल के पहिलौठों के संबंध में यह आज्ञा दी। यहाँ "पहिलौठों" को **माँ के जेठे हों** (פֶּטֶר כָּל־רֶחֶם, *पेटेर कोल रक्हेम)* करके परिभाषित किया गया है। इसका अनुवाद शाब्दिक रूप से ऐसा भी किया जा सकता है "जो हर एक गर्भ को पहले खोलता है" (देखें KJV; NKJV)। पन्द्रहवीं आयत पहलौठे को "नर" करके बताता है। इस्राएलियों को अपने पहिलौठों को **पवित्र करके** यहोवा को चढ़ाना था। "पवित्र करने" (קָדַשׁ, *कादश)* का अर्थ "अलग करना" या "पवित्र ठहराना" है। पहिलौठों को अलग करने का तर्क यह है कि परमेश्वर ने इस्राएलियों के मनुष्यों व जानवरों के पहिलौठों को छोड़ दिया था, इसलिए वे उसके हैं (13:15; गिनती 3:13; 8:17, 18)।

संभवतः, आयतें 1 और 2, मूसा को दिए गए, परमेश्वर के प्रकाशन की एक समीक्षा है: पाठ यह बताता है कि परमेश्वर ने मूसा को पहिलौठों को अर्पण करने के बारे में कहा। तब, इसके अगले भाग में, मूसा ने लोगों को बताया कि उन्हें पर्व कैसे मनाना चाहिए (13:3-10) और पहिलौठों को कैसे "अर्पण" या "दे देना चाहिए" (NIV) (13:11-16)।

मूसा का भाषण (13:3-16)

[3]फिर मूसा ने लोगों से कहा, "इस दिन को स्मरण रखो, जिसमें तुम लोग दासत्व के घर, अर्थात् मिस्र से निकल आए हो; यहोवा तुम को वहाँ से अपने हाथ के बल से निकाल लाया; इसमें ख़मीरी रोटी न खाई जाए। [4]आबीब के महीने में आज के दिन तुम निकले हो। [5]इसलिये जब यहोवा तुम को कनानी, हित्ती, एमोरी, हिब्बी, और यबूसी लोगों के देश में पहुँचाएगा, जिसे देने की उसने तुम्हारे पुरखाओं से शपथ खाई थी, और जिसमें दूध और मधु की धाराएँ बहती हैं, तब तुम इसी महीने में पर्व मानना। [6]सात दिन तक अख़मीरी रोटी खाया करना, और सातवें दिन यहोवा के लिये पर्व मानना। [7]इन सातों दिनों में अख़मीरी रोटी खाई जाए, वरन् तुम्हारे देश भर में न ख़मीरी रोटी, न ख़मीर तुम्हारे पास देखने में आए। [8]और उस दिन तुम अपने-अपने पुत्रों को यह कहके समझा देना कि यह हम उसी काम के कारण करते हैं,जो यहोवा ने हमारे मिस्र से निकल आने के समय हमारे लिये किया था। [9]फिर यह तुम्हारे लिये तुम्हारे हाथ में एक चिह्न होगा, और तुम्हारी आँखों के सामने स्मरण करानेवाली वस्तु ठहरे; जिससे यहोवा की व्यवस्था

तुम्हारे मुँह पर रहे: क्योंकि यहोवा ने तुम्हें अपने बलवन्त हाथों से मिस्र से निकाला है। 10इस कारण तुम इस विधि को प्रति वर्ष नियत समय पर माना करना। 11फिर जब यहोवा उस शपथ के अनुसार, जो उसने तुम्हारे पुरखाओं से और तुम से भी खाई है, तुम्हें कनानियों के देश में पहुँचाकर उसको तुम्हें दे देगा, 12तब तुम में से जितने अपनी अपनी माँ के जेठे हों उनको, और तुम्हारे पशुओं में जो ऐसे हों उनको भी यहोवा के लिये अर्पण करना; सब नर बच्चे तो यहोवा के हैं। 13और गदही के हर एक पहिलौठे के बदले मेम्ना देकर उसको छुड़ा लेना, और यदि तुम उसे छुड़ाना न चाहो तो उसका गला तोड़ देना। पर अपने सब पहिलौठे पुत्रों को बदला देकर छुड़ा लेना। 14और आगे के दिनों में जब तुम्हारे पुत्र तुम से पूछें, 'यह क्या है?' तो उन से कहना, 'यहोवा हम लोगों को दासत्व के घर से, अर्थात् मिस्र देश से अपने हाथों के बल से निकाल लाया है। 15उस समय जब फ़िरौन ने कठोर होकर हम को जाने देना न चाहा, तब यहोवा ने मिस्र देश में मनुष्य से लेकर पशु तक सब के पहिलौठों को मार डाला। इसी कारण पशुओं में से जितने अपनी-अपनी माँ के पहिलौठे नर हैं, उन्हें हम यहोवा के लिये बलि करते हैं; पर अपने सब जेठे पुत्रों को हम बदला देकर छुड़ा लेते हैं।' 16यह तुम्हारे हाथों पर एक चिह्न-सा और तुम्हारी भौंहों के बीच टीका-सा ठहरे; क्योंकि यहोवा हम लोगों को मिस्र से अपने हाथों के बल से निकाल लाया है।"

आयत 3. यहोवा ने पहले मूसा से बात की (12:1) और मूसा ने पुरनियों से बात की (12:21), जिन्होंने बाद में मूसा की बातों को लोगों को कह सुनाया (12:28)। तेरहवें अध्याय में **मूसा** ने स्पष्ट रूप से **लोगों** से वार्ता की। उसके बोलने की तीव्रता यह थी कि लोग सदैव यह **स्मरण** रखें कि **यहोवा** ने कैसे **अपने हाथ के बल से** उन्हें मिस्र से बाहर निकाला था। उनको यह घटना अख़मीरी रोटी का पर्व मनाकर स्मरण रखना था।

आयत 4. यह अनुभाग मूसा का लोगों को यह कहते हुए प्रारंभ होता है, **"आज के दिन तुम निकले हो,"** और यह इस बात का विश्लेषण करते हुए समाप्त होता है कि प्रति वर्ष नियत समय पर यह पर्व मनाया जाना चाहिए (13:10)। **आबीब के महीने** में जब यह घटना प्रथम बार घटित हुई थी, तब उन्हें अपने इस छुटकारा को स्मरण रखना चाहिए था। 12:2 में "आबीव का महीना" का संबंध वर्ष के पहले महीने से है। इब्रानी शब्द אָבִיב *(आबीव)* का तात्पर्य "ताजा, जवान कान" है[2] (9:31; लैव्य. 2:14); इस महीने में जौ तैयार होता है और उसे लवने का समय होता है। "आबीव" प्रथम महीने का प्राचीन नाम है जबकि बाद का नाम "निशान" था। स्पष्ट रूप से "निशान" बाबूल के कलेंडर से लिया गया है जो दूसरे इब्रानी महीने के लिए भी ठीक है। यह पुराने नियम की केवल उन्हीं पुस्तकों में पाया जाता है जो बाबूल की बंधुआई के बाद लिखी गई थी (नहेम्याह 2:1; एस्तेर 3:7)।

आयत 5. इस्राएली लोग जिस देश में जा रहे थे वहाँ भी उन्हें अपने छुटकारे की घटना को स्मरण रखना था। यह वह देश था जिस पर कम से कम पाँच अलग-अलग देशों ने कब्जा जमा रखा था: **कनानी**, **हित्ती**, **एमोरी**, **हिब्बी**, **और यबूसी**

(3:8 की टिप्पणी देखें)। यह तथ्य कि यह देश किसी के कब्जे में था का तात्पर्य यह है कि आसानी से यह देश इस्राएलियों के हाथ नहीं लगने वाला था। इसके साथ ही, यह तथ्य कि इस देश में **दूध और मधु की धाराएं बहती थी**, का यह संकेत है कि यह एक बड़ी ही उपजाऊ और सर्वसम्पन्न भूमि थी, जिसको अपने कब्जे में लेने के लिए पूरा जोर लगाना पड़ता (3:7, 8 की टिप्पणी देखें)। परमेश्वर ने बापदादों (अब्राहम, इसहाक, और याकूब) से प्रतिज्ञा की थी कि वह उनके वंश (इस्राएलियों) को वह देश देगा।

आयत 6. लोगों को अख़मीरी रोटी का पर्व मनाने के द्वारा उस बड़ी घटना को स्मरण रखना था। उन्हें **सात दिन तक** अख़मीरी रोटी खाना था (देखें 12:15)। **सातवें दिन** उनको यहोवा के लिए **पर्व मनाना** था। पिछली आज्ञा में, "प्रथम दिन" और "सातवें दिन" के लिए "एक पवित्र सभा" बुलाने की बात कही गई है (12:16)।

आयत 7. सात दिनों तक **अख़मीरी रोटी** खाने के अलावा इस्राएलियों के बीच न खमीरी रोटी**, न ख़मीर** पाया जाए। इससे पहले उन्हें अपने घरों से ख़मीर हटाने का निर्देश दिया गया था; यदि वे ऐसा करने में असफल रहते हैं तो इसका परिणाम यह होता कि उनको "इस्राएलियों में से नष्ट कर दिया गया होता (12:15)। कनान में बसने के बाद उनके **देश भर** में ख़मीर नहीं पाया जाना चाहिए था।

आयत 8. फसह के (12:26, 27), अख़मीरी रोटी का पर्व भी शिक्षा देने के लिए उपयोग किया जाना चाहिए था। पिता अपने पुत्र को यूँ समझाएगा: **"यह हम उसी काम के कारण करते हैं,जो यहोवा ने हमारे मिस्र से निकल आने के समय हमारे लिए किया था।"**

आयत 9. पर्व सभी इस्राएलियों के लिए **यहोवा की व्यवस्था** को जानने और उसे सिखाने के लिए अवसर प्रदान करेगा; यह लोगों के लिए एक प्रतीक ठहरेगा और उन्हें यह स्मरण दिलाएगा कि यहोवा ने उनके लिए क्या किया है। आयत 9 का वाक्यांश **यह तुम्हारे लिये तुम्हारे हाथ में एक चिह्न होगा, और तुम्हारी आँखों के सामने स्मरण करानेवाली वस्तु ठहरेगी**; आयत 16 का वाक्यांश "तुम्हारे हाथ में एक चिह्न सा" और "तुम्हारी भौंहों के बीच टीका" के समानांतर है (देखें व्यव. 6:8; 11:18)। बाबूल की बंधुआई से लौटने के समय से लेकर यीशु के दिनों तक (मत्ती 23:5), और यहाँ तक कि आधुनिक समय में भी, यहूदी लोग इन शब्दों को अक्षरशः अनुवाद करते हैं, जिसमें वे अपने माथे और बाएँ बाजू में बक्सा सा बना हुआ चमड़े का पटुका बांधते हैं जिसमें परमेश्वर का वचन लिखा होता है (निर्गमन 13:1-10, 11-16; व्यव. 6:4-9; 11:13-21)।[3] यद्यपि, संभवतः इन शब्दों को अलंकारिक रूप में समझना चाहिए था।[4] यदि ऐसा है तो इनका अर्थ इस प्रकार हो सकता है: "इन वचनों को अपने समीप रखो। व्यवस्था आपके दैनिक जीवन, आपके कार्यों और आपके विचारों का अभिन्न अंग होना चाहिए।"

निर्गमन यरूशलेम की पश्चिमी दीवार पर चमड़े का पटुका बांधे यहूदी लोग

आयत 10. अख़मीरी रोटी का पर्व हर वर्ष मनाया जाना चाहिए था। **वर्ष** में एक बार, यह संस्मरण पर्व इस्राएलियों को उस महान छुटकारे और परमेश्वर की व्यवस्था का लगातार स्मरण दिलाता रहेगा।

आयत 11. पर्व मनाने के साथ-साथ, इस्राएलियों को मिस्र से अपने छुटकारा का स्मरण अपने नर पहिलौठों को यहोवा को अर्पण करने के द्वारा करना था। जब उन्हें कनान **देश**, जिसे **यहोवा** ने उनके बापदादों से उन्हें देने की प्रतिज्ञा की थी, मिल जाएगा तो उन्हें यह विधि प्रारंभ करनी चाहिए थी।

आयत 12. जानवरों के **नर** पहलौठे जो "शुद्ध" थे - अर्थात् जो बलि करने के योग्य थे - उन्हें परमेश्वर को चढ़ाया जाना था। परमेश्वर के वचन का अन्य भागों में "शुद्ध" और "अशुद्ध" जानवरों में अंतर किया गया है (लैव्य. 11:3-7; व्यव. 14:3-8)। यह शुद्ध और अशुद्ध के बीच अंतर करने का एक प्राचीन मत है, जलप्रलय के समय शुद्ध जानवर और अशुद्ध जानवरों में अंतर किया गया था (उत्पत्ति 7:2, 8)। निर्गमन 22:30 इसको और अधिक स्पष्ट करता है कि शुद्ध जानवरों (गायों और भेड़ बकरियों) के पहिलौठों को सात दिनों तक उनकी माता के संग रहने दिया जाए और आठवें दिन उनको यहोवा को बलि किया जाना चाहिए था। पहिलौठों के लहू वेदी पर छिड़कना था, और उनकी चर्बी को यहोवा के लिए जलाया जाना चाहिए था और याजक उनके मांस खाते थे (गिनती 18:17, 18)।

आयत 13. अशुद्ध जानवर, जैसे **गदहे**[5] की बलि नहीं दी जा सकती थी, तो उसको **मेम्ने** से **छुड़ा** लिया जाना चाहिए था। दूसरे शब्दों में, एक मेम्ना या बकरी के बच्चे को इसके बदले में बलि किया जाना चाहिए था (12:3, 4 की टिप्पणी देखें)। वैकल्पिक के रूप में कहा जाए तो यह मारा जा सकता था ताकि इसके स्वामी को इससे कोई लाभ न मिल सके। उसकी **गर्दन तोड़ने** की आज्ञा दी गई थी,

संभवतः ताकि किसी भी जानवर का लहू न बहाया जा सके। बाद में व्यवस्था में, अशुद्ध जानवरों की छुड़ौती का एक मूल्य निर्धारित किया गया कि जब वे एक महीने के हो जाएं तो चाँदी के पाँच शेकेल देकर उसको छुड़ाया जा सकता था (गिनती 18:15, 16)।

इस्राएल के **पहिलौठों** को भी **छुड़ाया** जाना चाहिए था। यद्यपि कनानी लोग मानव बलि करते थे, लेकिन परमेश्वर ने इस प्रकार के अभ्यास को कभी भी मान्यता नहीं दी (लैव्य. 18:21; 20:2-5; व्यव. 12:31; 18:10)।[6] चूँकि परमेश्वर ने इस्राएलियों के बच्चों को उनके घरों को घात करने से छोड़ने के द्वारा उन्हें छोड़ दिया था तो इस तरह सभी पहलौठे उसके ठहरे। इसके स्मरण में, इस्राएलियों को उन्हें "छुड़ाना" था - इस प्रभाव, से उन्हें उनको वापस खरीदना था। जब बालक एक महीने का हो तब उसे छुड़ाने की कीमत पाँच शेकेल चाँदी थी (गिनती 18:15, 16)। पहलौठे पुत्र की शुद्धिकरण की व्याख्या यीशु के जन्म के वृतांत में पाई जाती है, जब वह एक महीने का हुआ तो उसे मंदिर ले जाया गया (लूका 2:23, 24)।

आयतें 14, 15. जानवरों के पहिलौठों की बलि और पहलौठे पुत्रों के छुटकारे की घटना ने भी इस्राएली बच्चों को शिक्षा देने का अवसर प्रदान किया (देखें 12:26, 27; 13:8)। पाठ यह बताता है कि जब एक पिता एक पहलौठे मेम्ने की बलि चढ़ाता है या फिर गदहे की गर्दन तोड़ता है तो उसका पुत्र आश्चर्यचकित होकर इस घटना को देखकर पूछेगा, "तुम ऐसा क्यों करते हो?"

तो इसका उत्तर वैसे ही होगा जब वह परिवार फसह का उत्सव मनाता है। पिता कहेगा, "पुत्र, यह इसलिए हम मनाते हैं क्योंकि **यहोवा** ने हमें **मिस्र** से छुड़ाया था।" इसके पश्चात वह उनको पूरी कहानी बताए: "**फ़िरौन** ने लोगों को **जाने** से मना कर दिया था। इसलिए, परमेश्वर ने मिस्रियों के **पहिलौठों** को **मारा** किंतु इस्राएलियों के बच्चों को उसने छोड़ दिया था। परिणामस्वरूप, इस्राएली लोग अपने **पहिलौठों** को यहोवा को अर्पण करते हैं। परमेश्वर ने इस्राएलियों को अपनी **सामर्थशाली भुजा** से छुड़ाया। लोग चुपचाप वहाँ से नहीं भागे थे। बल्कि, इस्राएली लोग परमेश्वर के महान चिह्न और आश्चर्यकर्मों के कारण जय पाए सिपाही के समान वहाँ से निकले थे!"

आयत 16. इस प्रकार, शिक्षा देने के अवसर पर प्रश्नों और उत्तरों के द्वारा इस्राएलियों के विश्वास को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सिखाया जा सकता था। पहिलौठों को अर्पण करने के बारे में जो शिक्षा दी जाती थी उसका घनिष्ठ संबंध इस्राएल के छुटकारा के इतिहास से है ताकि यह इन लोगों के विचारों के निकट सदैव बना रहे: **यह तुम्हारे हाथों पर एक चिन्ह सा और तुम्हारी भौंहों के बीच टीका सा ठहरे** (13:9 की टिप्पणी देखें)।

लाल समुद्र की ओर यात्रा (13:17-22)

[17]जब फ़िरौन ने लोगों को जाने की आज्ञा दे दी, तब यद्यपि पलिश्तियों के देश में हो कर जो मार्ग जाता है वह छोटा था; तौभी परमेश्वर यह सोच कर उन

को उस मार्ग से नहीं ले गया, कि कहीं ऐसा न हो कि जब ये लोग लड़ाई देखें तब पछताकर मिस्र को लौट आएं। 18इसलिये परमेश्वर उन को चक्कर खिलाकर लाल समुद्र के जंगल के मार्ग से ले चला। और इस्राएली पांति बान्धे हुए मिस्र से निकल गए। 19और मूसा यूसुफ की हड्डियों को साथ लेता गया; क्योंकि यूसुफ ने इस्राएलियों से यह कहके, कि परमेश्वर निश्चय तुम्हारी सुधि लेगा, उन को इस विषय की दृढ़ शपथ खिलाई थी, कि वे उसकी हड्डियों को अपने साथ यहां से ले जाएंगे। 20फिर उन्होंने सुक्कोत से कूच करके जंगल की छोर पर एताम में डेरा किया। 21और यहोवा उन्हें दिन को मार्ग दिखाने के लिये मेघ के खम्भे में, और रात को उजियाला देने के लिये आग के खम्भे में हो कर उनके आगे चला करता था, जिससे वे रात और दिन दोनों में चल सकें। 22उसने न तो बादल के खम्भे को दिन में और न आग के खम्भे को रात में लोगों के आगे से हटाया।

निर्गमन का वृतांत इस्राएलियों का मिस्र से बाहर निकलने के मार्ग, अपने साथ वे क्या ले गए और परमेश्वर ने उनकी कैसे अगुआई की, का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए जारी रहता है (13:17-22)।

आयत 17. परमेश्वर, लोगों को **पलिश्तियों के देश में से होकर नहीं ले गया**, जिसके बारे "में यशायाह 9:1 में 'ताल की ओर' का मार्ग कहा गया है, जिसका संबंध लातिनी नाम *वाया मारिस* से है, जिसके प्रयोग का चलन रोमियों के दिनों से है।"[7] भूमध्यसागर के तीर होते हुए उत्तर की ओर का यह मार्ग मिस्र से कनान के लिए सबसे निकट मार्ग होता। पाठ हमें परमेश्वर द्वारा एक लंबे मार्ग का चयन करने का कारण स्पष्ट करता है: वह जानता था कि **लोग** उस समय युद्ध के लिए तैयार नहीं थे और यदि वे पलिश्ती योद्धाओं का सामना करते तो वे निराश हो जाते, जो उन्हें **मिस्र वापस** लौटने के लिए विवश करता।[8] कालांतर में कनान देश का भेद लेने के लिए भेजे गए बारह भेदियों की सूचना के आधार पर उत्कृष्ट सैन्य क्षमता का सामना करने की घटना से उनके निराश होने की प्रवृति स्पष्ट है (गिनती 13:32-14:4)। इसलिए, इस्राएलियों को अलग मार्ग से होकर यात्रा करनी थी।

इस आयत एवं अन्य आयतों में (15:14; 23:31) पलिश्तियों का वर्णन यहाँ थोड़ा पेचीदा है। पलिश्ती लोग, फ़िलिस्तीन के समुद्रतटीय क्षेत्र में रहते थे, लेकिन अधिकांश भूगर्भशास्त्रीय प्रमाण यह बताते हैं कि ये लोग 1200 ई.पू. तक इस क्षेत्र में नहीं बसे थे। इस समस्या का समाधान करने के लिए विभिन्न विश्लेषण प्रस्तुत किए गए हैं।

सर्वप्रथम, कुछ लोग संभवतः यह तर्क प्रस्तुत करेंगे कि निर्गमन 1200 ई.पू. तक नहीं हुआ था। फिर भी, यह समय सीमा अधिकांश विद्वानों के समय सीमा के बाद का समय है - यहाँ तक कि वे भी जो निर्गमन के बाद की तिथि 1290 ई.पू. का समर्थन करते हैं।

द्वितीय, बहुतों का मत है कि निर्गमन की पुस्तक मूसा के समय से बहुत बाद लिखी गई थी और इसलिए "पलिश्ती" एक कालभ्रम शब्द है। परंतु बाइबल, मूसा को व्यवस्था का लेखक ठहराती है।

तृतीय, कुछ लोगों का यह मत है कि मूसा के व्यवस्था लिखने के कई वर्षों पश्चात एक सम्पादक ने उसको संशोधित किया और उसने उस समय के अत्याधुनिक शब्द "पलिश्तीन" का प्रयोग किया। यह परिवर्तन, पाठक को समझाने के उद्देश्य से किया गया था।[9]

चतुर्थ और अंतिम विश्लेषण यह है कि उस समय उस देश में कुछ पलिश्ती लोग रहते थे, यद्यपि भूगर्भ विज्ञानियों को उनकी उपस्थिति के बारे में अभी तक अधिक प्रमाण नहीं मिल पाई है।[10] दूसरे शब्दों में, पलिश्ती लोग एक लम्बे समयांतराल से कनान देश में वास करते थे। यहाँ ध्यान देने वाली बात यह भी है कि पलिश्तियों का वर्णन अब्राहम और इसहाक के वृतांत में भी पाया जाता है (उत्पत्ति 21:32; 26:1), जो निर्गमन से कई सौ वर्ष पहले रहते थे।

आयत 18. "निर्गमन का मार्ग" इस्राएली लोग मिस्र से **लाल समुद्र के जंगल के मार्ग** से निकले। ("लाल समुद्र" के बारे में अधिक जानकारी के लिए देखें *अतिरिक्त अध्ययन: द रूट आफ दि एक्सोडस।*) आगे ध्यान देने वाली बात यह है कि वे **पाँति बाँधे हुए** निकले (חֲמֻשִׁים, *खेमुशिम*)। NIV कहता है कि वे "युद्ध के लिए तैयार" थे, जबकि NRSV में उनके बारे में ऐसा वर्णन किया गया है कि वे "युद्ध के लिए तैयार" थे। इसका यह अर्थ हो सकता है कि इस्राएली लोग अस्त्र शस्त्र बांधे तैयार थे, लेकिन वे बहुत ज्यादा हथियारों से सुसज्जित नहीं थे। हो सकता है कि उनके पास कुछ गोफ़न और पत्थर, धनुष और बाण, और भाले रहे होंगे। फिर भी, निर्गमन 17:13 इस बात की ओर संकेत करता है कि इस्राएलियों के पास कुछ तलवारें भी थीं जिसका प्रयोग कर उन्होंने अमालेकियों को परास्त किया था। जॉन आई. दुरहैम के अनुसार इस्राएली लोग "युद्ध करने की भूमिका में निकले, अर्थात् उन पर सबसे अधिक निर्भर रहने वालों की सुरक्षा में अस्त्र शस्त्र बांधे लोग आगे-आगे निकले थे।"[11] परमेश्वर के लोगों को मालूम था कि अंततः उनको विरोधियों का सामना करना पड़ेगा और उनके विरुद्ध युद्ध करना पड़ेगा।

आयत 19. जब वे मिस्र छोड़कर निकले, तो संभवतः उन्होंने **यूसुफ की हड्डियों को साथ** लिया होगा। यह यूसुफ का उत्पत्ति 50:25 में व्यक्त की गई अंतिम इच्छा थी, जिसका उद्धरण यहाँ उन्नीसवीं आयत में दोहराया गया है: **'परमेश्वर निश्चय तुम्हारी सुधि लेगा,' उनको इस विषय की दृढ़ शपथ खिलाई थी कि वे उसकी हड्डियों को अपने साथ यहाँ से ले जाएँगे।** उसने इन शब्दों को विश्वास से बोला (इब्रा. 11:22), परमेश्वर का उसके बापदादों को दी गई प्रतिज्ञाओं पर उसने विश्वास किया (उत्पत्ति 50:24)। यूसुफ की हड्डी को मिस्र से कनान देश को ले जाना यह दर्शाता है कि परमेश्वर अपने वायदों को पूरा करता है, क्योंकि परमेश्वर ने कहा था कि वह इस्राएल को मिस्र से निकालेगा और कनान देश को ले जाएगा (उत्पत्ति 15:13-16)। निर्गमन की पुस्तक में वह अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करता है। कनान देश पर विजय प्राप्त करने के बाद, यूसुफ की हड्डी को शकेम में दफनाया गया (यहोशू 24:32)।

आयत 20. सुक्कोत के बाद, इस्राएलियों का अगला पड़ाव **एताम** था, जो **जंगल की छोर** पर था। लाल समुद्र में पहुँचने से पहले यह उनका अंतिम पड़ाव था (देखें

14:2)।

आयतें 21, 22. जब वे वहाँ से आगे बढ़े तो, **यहोवा** ने उन्हें **दिन को मार्ग दिखाने के लिये मेघ के खम्भे** का और **रात को उजियाला देने के लिये आग के खम्भे** का प्रयोग किया ताकि वे **रात** को भी यात्रा कर सके (देखें गिनती 9:15-23)। इस्राएलियों की यात्रा के हर एक पड़ाव पर वे परमेश्वर की अगुआई को अनुभव करते रहे। पुराने नियम में यहोवा, अक्सर मेघ के खम्भे या आग के खम्भे के रूप में दर्शाए गए हैं।

अनुप्रयोग

फसह से सबक (13:3)

मूसा के द्वारा परमेश्वर ने इस्राएलियों से कहा, "इस दिन को स्मरण रखो" (13:3)। परमेश्वर के लोगों को दसवीं विपत्ति, जिससे वे बचाए गए थे और मिस्र से छुड़ाए गए थे, स्मरण रखना था।

इसके आरंभ में, फसह इस्राएलियों के धर्म की पारिवारिक पहलू पर अधिक जोर देता है। हर एक परिवार को एक मेम्ना चुनने का आदेश दिया गया था, उन्हें उसे गोधूलि को बिना उसकी हड्डी तोड़े मारना था, और उसे भूनकर समूचा खाना था। यदि एक परिवार में पूरा मेम्ना खाने के लिए थोड़े लोग थे तो दो परिवार मिलकर एक मेम्ना ले सकते थे। उस मेम्ने का लहू हर एक घर के दरवाजों के दोनों अलंगों और चौखटों में लगाया जाना चाहिए था। जब परमेश्वर ने घर में लहू देखा, तो वह वहाँ से "आगे निकल गया" और उसने घात करने वाले को उस घर में नहीं प्रवेश करने दिया। जो लोग फसह का भोज खा रहे थे उन्होंने अपने वस्त्र और जूती पहने और हाथ में लाठी ली (12:11) और जाने के लिए जल्दी से उसे खाया।

समय बीतने के साथ ही, इन पर्वों ने इस्राएलियों को अपने बच्चों को उनके छुटकारा के बारे में सीखाने में सहायता की। इन पर्वों से यह अपेक्षा की जाती थी कि यह उनको उनकी बंधुआई से परमेश्वर ने कैसे छुड़ाया था और जब मिस्र के पहलौठे मारे गए थे तो इस्राएलियों के घरों को मृत्यु के दूत ने कैसे छोड़ दिया था, का स्मरण दिलाए।

मसीही लोग आज फसह से कौन सा पाठ सीख सकते हैं? फसह के बारे में सोचने एवं विचारने के द्वारा मसीही लोगों को निम्न लिखित चीजें करने के लिए प्रेरित होना चाहिए:

पारिवारिक आराधना की महत्वत्ता समझना। हाँ, जब हम आराधना के लिए एकत्रित होते हैं, तो हम ऐसे एक परिवार के रूप में करते हैं जो परमेश्वर का परिवार है। इसके साथ ही, हमें परमेश्वर की आराधना अपने घरों में अपने परिवार के साथ करना चाहिए। हम अपने बच्चों के साथ गीत गा सकते हैं और प्रार्थना कर सकते हैं और जैसे इस्राएली लोग फसह के अवसर पर किया करते थे, वैसे ही हम भी उन्हें अपने घरों में शिक्षा दे सकते हैं।

उद्धार के कार्य में मसीह की भूमिका को स्मरण रखें। पौलुस ने मसीह को

"हमारा फसह" के रूप में प्रस्तुत किया है (1 कुरि. 5:7)। यीशु "परमेश्वर का मेम्ना" था (यूहन्ना 1:29, 36), वह "मेम्ना जो वध किया गया था" (प्रका. 5:12)। मसीह फसह का मेम्ना जैसा निर्दोष था (निर्गमन 12:5; 1 पतरस 1:18, 19), उसका कोई भी हड्डी नहीं तोड़ा गया था (निर्गमन 12:46; यूहन्ना 19:36), और उसका लहू परमेश्वर के सम्मुख एक चिह्न था (निर्गमन 12:13)। फसह के समान, उसके स्मरण में मनाया जाने वाला पर्व में भी अख़मीरी रोटी शामिल थी (निर्गमन 12:18; 1 कुरि. 5:8)।[12]

हमारे छुटकारे को स्मरण करने के महत्व को समझना। फसह के भोज का आयोजन इस प्रकार किया गया था कि इस्राएली लोग मिस्र से अपने छुटकारा को स्मरण रख सकें। उसी तरह, प्रभु भोज की स्थापना भी फसह के दौरान किया गया था, ताकि इसके द्वारा यीशु की मृत्यु और उसके मृत्यु द्वारा हमारे उद्धार को स्मरण रखा जा सके (लूका 22:19; 1 कुरि. 11:24, 25)। इस बात का हमें सदैव स्मरण दिलाया जाना चाहिए कि यीशु ने हमारे लिए क्या-क्या किया है।

एक दूसरे को स्मरण दिलाएं कि हम एक यात्रा में निकल पड़े हैं। जिस तरह इस्राएली लोग फसह खाते समय वस्त्र पहन कर यात्रा के लिए तैयार थे, उसी तरह मसीही लोगों को भी अपने मन में यह सदैव स्मरण रखना चाहिए कि वे इस धरती पर परदेसी और यात्री हैं। प्रभु भोज में शामिल होने के द्वारा हमें यीशु की मृत्यु को स्मरण कर इस धरती से माया मोह तोड़ लेना चाहिए और उसके पुनरागमन की ओर ध्यान लगाना चाहिए।

उपसंहार। केवल इस्राएली लोग ही फसह में शामिल हो सकते थे। आज लोगों को यह स्मरण दिलाना चाहिए कि प्रभु भोज प्रभु के दिन में प्रभु के लोगों के साथ ही मनाना चाहिए। जो हमारे फसह के मेम्ने द्वारा प्रदान किया गया लाभ में भाग लेना चाहते हैं और प्रभु भोज में संगति करना चाहते हैं, उन्हें आत्मिक इस्राएल, मसीह की कलीसिया का अंग होना आवश्यक है।

"एक बलवंत हाथ!" (13:3, 9, 14, 16)

इस्राएली लोग परमेश्वर के "बलवंत हाथों" से छुड़ाए गए थे। विभिन्न अनुवादों में उसके सामर्थ को इस प्रकार दर्शाया गया है, "सामर्थशाली हाथ" (NIV), "बलवंत हाथ" (NRSV), या "हाथ के बल" (KJV; NRSV)। ये व्याख्या हमें अपने लोगों की सहायता करने के लिए परमेश्वर की अपूर्व सामर्थ समझने में सहायता करता है। फिर भी, हमें स्मरण रखना होगा कि मरी (मिस्र के विरुद्ध) लाने के लिए और छुटकारा दिलाने के लिए (इस्राएलियों के लिए), परमेश्वर का हाथ शक्तिशाली है। जैसे परमेश्वर मिस्रियों को दण्ड देने के लिए अपना हाथ बढ़ाता है, तो उसी समय हमें अपने मन में इब्रानियों 10:31 स्मरण रखना चाहिए कि "जीवते परमेश्वर के हाथों में पड़ना भयानक बात है।"

परमेश्वर को अगुआई करने दें (13:17, 18)

परमेश्वर ने इस्राएल के संतानों की अगुआई की और आज वह हमारी अगुआई करना चाहता है। परमेश्वर अपने संतानों की अगुआई अलग-अलग माध्यमों से करना चाहता है।

परमेश्वर अक्सर हमारी अगुआई घुमावदार मार्गों से करता है (13:17, 18)। सबसे आसान तरीका सदैव सर्वोत्तम नहीं होता है। परमेश्वर, इस्राएलियों को घुमावदार मार्ग से ले गया ताकि वह स्वयं उनको सम्भाले और तैयार कर सके।

कभी-कभी परमेश्वर हमें मार्ग के अंत तक ले जाता है (14:8-10)। मार्ग का अंत हमें दिशा निर्देशन और छुटकारा के लिए परमेश्वर की ओर दृष्टि करने के लिए विवश करता है। जैसे गाना का बोल कहता है, "तुझे छोड़कर मैं कहाँ जाऊँ?"

परमेश्वर हमें बंजर भूमि में होकर ले चलता है (15:22-27)। परमेश्वर ने मूसा और इस्राएलियों की परीक्षा यह कहकर की कि क्या वे उस पर भरोसा करते हैं कि नहीं। आज भी वह हमारी परीक्षा करने के लिए बंजर भूमि का प्रयोग करता है।

जब परमेश्वर की अगुवेपन पर प्रश्न उठाते हैं तो हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि वह नियंत्रण में है और हमारा पिता सर्वोत्तम जानता है (व्यव. 8:2)। परमेश्वर मार्ग का निर्माणकर्ता है (यूहन्ना 14:6), वह पहाड़ों को हटाने वाला है (मत्ती 17:20), वह समस्याओं का समाधान करने वाला है और बोझ उठाने वाला है (1 पतरस 5:7)।[13]

प्रतिज्ञाओं की वचनबद्धता (13:19)

मूसा ने यूसुफ की हड्डियों को साथ ले जाने के द्वारा इस्राएलियों को दिए वचन का पालन किया ताकि उसकी हड्डियों को प्रतिज्ञा की देश में दफनाया जा सके (13:19)। परमेश्वर ने इस्राएल को मिस्र से निकालकर कनान देश ले जाने के द्वारा अपने वचन का पालन किया। "परमेश्वर विश्वासयोग्य है"; वह अपनी प्रतिज्ञा बनाए रखता है (1 कुरि. 10:13; 2 पतरस 3:9)। मसीहियों को ईमानदार लोग होना चाहिए जो सदैव अपने वचन पर बने रहते हैं (मत्ती 5:37)।

समाप्ति नोट्स

[1]वाल्टर सी. कैसर, जूनियर, "एक्सोडस," *दि एक्सपोजीटर्स बाइबल कमेंट्री*, खण्ड 2, *जेनेसिस-नम्बर्स* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः जॉडरवैन, 1990), 382, और विल्बर फील्ड्स, *एक्सप्लोरिंग एक्सोडस*, बाइबल स्टडी टेक्स्टबुक सीरीज (जॉपलीन, मिसौरी: कॉलेज प्रेस, 1976), 277 ने सुक्कोत को इस प्रकाशन के लिए स्थान बताया है। [2]फ्रांसिस ब्राऊन, एस. आर. ड्राइवर, और चार्ल्स ए. ब्रिग्गस, *द ब्राऊन-ड्राइवर-ब्रिग्गस हिब्रू एण्ड इंगलिश लेक्सीकन* (बॉस्टनः हूटन, मिफ्लीन एण्ड कम्पनी, 1906; पुनर्मुद्रित, पीबॉडी, मासाचुसेट्सः हेंड्रीक्शन पब्लिशर्स, 1997), 1. [3]अधिक जानकारी के लिए देखें, रोजर एल. इमोनसन, "फाइलेक्टरी," *दि इंटरनेशनल स्टेंडर्ड बाइबल एनसाइक्लोपीडीया*, संशोधित संस्करण, सम्पादक ज्योफरी डब्ल्यु. ब्रोमिली (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1986), 3:864-65. [4]आर. एलेन कोल ने उनको "शुद्ध उपमा" के रूप में संबोधित किया है। (आर. एलेन कोल, *एक्सोडस: एन इंट्रोडक्शन एण्ड*

कमेंट्री, टिंडेल ओल्ड टेस्टामेंट कमेंट्रीज [डॉनर्स ग्रूव, इल्लिनोय: इंटर - वर्सिटी प्रेस, 1973], 114.) [5]जॉन आर. दुरहैम ने इन व्यवस्था का भिन्न विश्लेषण किया है। उन्होंने दावा किया कि "इसका कोई ठोस [पुराना नियम] प्रमाण नहीं है (देखें लैव्य. 11:1-8) कि नर गधा अशुद्ध समझा जाता था - यह तो बोझ ढोने वाला बहुमूल्य जानवर है (निर्गमन 9:3 के नोट देखें)।" इसका व्यवहारिक उपयोगिता के कारण, 12वीं आयत में रेखांकित सामान्य नियम से वंचित रखा गया है। (जॉन आई. दुरहैम, *एक्सोडस*, वर्ड बिब्लिकल कमेंट्री, खण्ड 3 [वाको, टेक्सॉसः वर्ड बुक्स, 1987], 179.) फिर भी, जबकि गधा इस्राएलियों के लिए एक बहुमूल्य सम्पत्ति था (20:17), यह अशुद्ध जानवरों के श्रेणी में इसके खुर फटे न होने के कारण रखा गया (देखें लैव्य. 11:3-7; व्यव. 14:3-8)। [6]कालांतर मे, इस्राएली लोग इस प्रकार का घृणित अभ्यास करने लग गए थे (2 राजा 16:3; 17:31; 21:6; यहेज. 16:20, 21; देखें 2 राजा 3:27)। इस कारण भविष्यवक्ताओं ने उनको अनुशासित किया (यशा. 57:4, 5; यिर्म. 7:30-34; 19:4-9; यहेज. 16:20, 21)। [7]नहूम एम. सारना, *एक्सप्लोरिंग एक्सोडसः दि ओरिजीन आफ बिब्लिकल इस्राएल* (न्यू यॉर्कः शोकेन बुक्स, 1996), 105. [8]दूसरे संभावित शत्रु मिस्री सेना हो सकते थे जो इस महत्वपूर्ण मार्ग में छावनी किए हुए थे। [9]उत्पत्ति 14:14 में वर्णित दान के लिए भी यही तर्क प्रस्तुत किया गया है। जब तक न्यायियों के समय तक इस नगर पर दान वासियों ने कब्जा नहीं जमा लिया था, यह नगर इस नाम से नहीं जाना जाता था (न्यायियों 18:29)। [10]कैसर, 385.

[11]दुरहैम, 185. [12]जॉन डी. डेविस, "पासओवर," *डिक्शनरी आफ द बाइबल*, चौथा संशोधित संस्करण (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः बेकर बुक हाऊस, 1957), 572. [13]मेल्विन व्हाइटलॉक, स्पीच इन चैपल, हेरिटेज क्रिश्चयन यूनिवर्सिटी 2000 में (फ्लोरेंस, अलास्का)।